भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4475

उत्तर देने की तारीख: 19.03.2026

अनुसूचित जनजातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष

† 4475. डॉ. रानी श्रीकुमार:

क्या **जनजातीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनुसूचित जनजातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष के अंतर्गत इसकी स्थापना से लेकर अब तक प्राप्त हुए, स्वीकृत किए गए और अस्वीकृत किए गए आवेदनों की वर्ष-वार और राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त कोष की स्थापना से लेकर अब तक इसके अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है और प्रदान की गई वित्तीय सहायता की धनराशि कितनी है;

(ग) उक्त कोष के लिए नियत प्रारंभिक पूंजी का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है, इसकी स्थापना से लेकर अब तक इससे जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि कितनी है और क्या उक्त पूंजी को बाद में संशोधित किया गया है या इसमें वृद्धि की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उक्त कोष को बढ़ाए जाने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क): अनुसूचित जनजाति के लिए उद्यम पूंजी कोष योजना के तहत इसकी स्थापना से लेकर अब तक प्राप्त हुए, स्वीकृत किए गए और अस्वीकृत किए गए आवेदनों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा नीचे दिया गया हैः

वित्तीय वर्ष/राज्य	**रद्द किया गया**	**प्रक्रियाधीन**	**जाँच समिति (सिफारिश के लिए)**	**निवेश समिति (स्वीकृतियों के लिए)**	**कुल योग**
2023-24	**3**				**3**
झारखंड	1				1
ओडिशा	1				1
तमिलनाडु	1				1
2024-25	**11**		**2**	**2**	**15**
अरुणाचल प्रदेश			1		1
असम	1				1
छत्तीसगढ़				1	1
कर्नाटक	3				3
महाराष्ट्र	1				1

मणिपुर	1				1
मिजोरम	1				1
ओडिशा	1				1
राजस्थान	1		1		2
तेलंगाना				1	1
उत्तर प्रदेश	1				1
पश्चिम बंगाल	1				1
2025-26	**8**	**8**	**4**		**20**
छत्तीसगढ़		1			1
दिल्ली		1			1
हरियाणा	1				1
हिमाचल प्रदेश			1		1
झारखंड		1	1		2
कर्नाटक			1		1
महाराष्ट्र	1				1
मणिपुर		1			1
मिजोरम	1				1
नागालैंड		1			1
राजस्थान	3				3
तमिलनाडु	1				1
तेलंगाना	1	1	1		3
त्रिपुरा		1			1
उत्तर प्रदेश		1			1
कुल योग	**22**	**8**	**6**	**2**	**38**

(ख): अनुसूचित जनजातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष योजना की स्थापना से लेकर अब तक, सहायता प्राप्त लाभार्थियों और प्रदान की गई वित्तीय सहायता की राशि का विवरण नीचे दिया गया हैः-

क्र.सं.	**कंपनी का नाम**	**राज्य**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)**
1	हेमल फ़ूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड	छत्तीसगढ़	3.42

(ग): निधि के लिए निर्धारित प्रारंभिक कोष 50.00 करोड़ रुपये था, जिसमें से जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 20.00 करोड़ रुपये जारी किए। अब तक (आज की तारीख तक) 3.42 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 1.51 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

(घ): निधि को बढ़ाए जाने का प्रस्ताव व्यय वित्त समिति के पास विचाराधीन है। एक बार मूल्यांकन पूरा होने के बाद विवरण को अंतिम रूप दिया जाएगा।

*****